
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 170 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...वायरस के फैलाव की गति



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 7 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 19.0°

38644.52

2 कैसे पार हो चीन की चुनौती ?

7 विराट कोहली ने एक रेकॉर्ड बना दिया

## संक्षिप्त समाचार

### जेडीयू 122 और बीजेपी 121 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। बिहार में सत्ताधारी एनडीए गठबंधन की ओर से सीट बंटवारे के ऐलान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि जेडीयू इस बार 122 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, बीजेपी के खाते में 121 सीटें गई हैं। जीतनराम मांझी की HAM पार्टी को जेडीयू कोटे से 7 सीटें दी गई हैं। वहीं बीजेपी अपने कोटे से मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को सीट देंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारा काम बिहार की जनता की सेवा करना है। हमारे बारे में कौन क्या बोल रहा इससे फर्क नहीं पड़ता। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारे मन में कोई गलतफहमी नहीं है।

### तीन वैज्ञानिकों को फिजिक्स का नोबेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्टॉकहोम। साल 2020 के लिए फिजिक्स (भौतिकी) का नोबेल पुरस्कार Roger Penrose dks Reinhard Genzel और Andrea Ghez के साथ संयुक्त रूप से देने का ऐलान किया गया है। फिजिक्स के नोबेल से इतिहास में सबसे छोटे पार्टिकल्स से लेकर अंतरिक्ष के रहस्यों की तक की खोज के लिए वैज्ञानिकों को नवाजा जा चुका है। रॉजर पेनरोज ने यह बताया था कि ब्लैक होल फॉर्मेशन से जनरल थिअरी ऑफ रिलेटिविटी को प्रिडिक्ट किया जा सकता है।

### सोने–चांदी की वायदा कीमतों में दिखी गिरावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घरेलू वायदा बाजार में सोने–चांदी की कीमतों में मंगलवार सुबह भी गिरावट देखी गई है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर मंगलवार सुबह 10 बजकर 06 मिनट पर दिसंबर वायदे के सोने की कीमत 120 रुपये की गिरावट के साथ 50,506 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेंड करती दिखाई दी। मंगलवार सुबह दस बजकर 12 मिनट पर फरवरी वायदे के सोने की कीमत 95 रुपये की गिरावट के साथ 50,637 रुपये प्रति दस ग्राम पर ट्रेंड करती दिखाई दी।

# 15 अक्टूबर से खुलेंगे सिनेमा हॉल

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एसओपी जारी की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तमाम एहतियातों व सावधानियों के साथ देश भर के सिनेमा घरों, थियेटरों व मल्टीप्लेक्स को खोलने की अनुमति दे दी गई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मंगलवार को जानकारी दी कि 15 अक्टूबर से सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्स खोल दिए जाएंगे और इसमें केवल 50 फीसद लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी। गृह मंत्रालय के निर्णय के अनुसार, सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स 15 अक्टूबर से खुलेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह से सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इसके लिए एसओपी की घोषणा कर दी है।

**शो के बाद सिनेमाघरों/थियेटरों का होगा सैनिटाइजेशनः** थियेटरों को हर शो के बाद सैनिटाइज किया जाएगा और यहां काम करने वाले स्टाफ को हैंड ग्लव्स, पीपीई



*फेस मास्क अनिवार्य होगा और थियेटर के एक्जिट व एंट्री पर सैनिटाइजर के साथ थर्मल स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। –प्रकाश जावड़ेकर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री।*

किट और बूट उपलब्ध कराए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने थियेटरों के भीतर तापमान का भी जिक्र किया और कहा कि 23–30 डिग्री सेल्सियस तक ही रखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि थियेटरों में उचित वेंटीलेशन की व्यवस्था आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि कोविड–19

### दिखाई जाएगी एक मिनट की शॉर्ट फिल्म

दी गई जानकारी के अनुसार, कोरोना के संदर्भ में लोगों को जागरुक करने के लिए एक मिनट की फिल्म या अनाउंसमेंट शो के पहले और मध्यांतर के पहले और बाद में दिखाना अनिवार्य है। सभी जगह टिकट की ऑनलाइन बुकिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोविड–19 के लिए लोगों के बीच जागरुकता फैलाने को लेकर एक मिनट का शार्ट फिल्म शो के पहले और बाद में दिखाया जाएगा।

महामारी के बाद 22 मार्च से देशभर में सिनेमा हॉल को बंद कर दिया गया ताकि संक्रमण न फैले। 6 महीने के बाद अब इन्हें खोलने की अनुमति दी गई है।

**टिकट बुकिंग के होंगे नए प्रावधानः** इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कहा कि थियेटरों में डिजिटल बुकिंग को प्रमोट करने की जरूरत है जबकि सिंगल स्क्रीन थियेटरों को अधिक बुकिंग विंडोज खोलने की जरूरत है ताकि भीड़ न लगे। उन्होंने कहा, पूरे दिन बुकिंग काउंटरों को खोलने की जरूरत होगी और एडवांस में टिकट बुकिंग की सुविधा भी दी जाएगी।

गाइड लाइंस के बारे में विस्तार से बताते हुए मंत्री ने कहा कि केवल पैकेज्ड फूड और बेवरेजेज की अनुमति होगी। ऑडिटोरियम के भीतर डिलीवरी नहीं होगी।

### इन नियमों का पालन करना होगा जरूरी

- केवल 50 फीसद लोगों को होगी प्रवेश की अनुमति।
- खाली पड़ी सीटों को उचित तरीके से किया जाएगा चिन्हित।
- संक्रमित जोन में फिल्म दिखाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- आवश्यक 6 फीट की शारीरिक दूरी के नियमों का पालन किया जाएगा।
- थूक फेंकने की सख्त मनाही।
- भीड़–भाड़ से बचने के लिए निश्चित शो टाइमिंग।
- टिकट बुकिंग के समय मोबाइल नंबर भी लिया जाएगा ताकि कटैक्ट ट्रेसिंग सुविधाजनक हो।

# कुम्भ का आयोजन दिव्य और भव्य होगाः सीएम

## सीएम ने की कुम्भ मेला की समीक्षा, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कुम्भ मेला 2021 की समीक्षा करते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि हरिद्वार व ऋषिकेश में कूड़ा निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कुम्भ का आयोजन दिव्य और भव्य होगा। मेला क्षेत्र का सौंदर्यीकरण समय पर पूरा कर लिया जाए। कुम्भ मेले के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बरकरार रखते हुए कोविड के दृष्टिगत सुरक्षित आयोजन किया जाना है। इस संबंध में अखाड़ों के संत महात्माओं का मार्गदर्शन और सहयोग लिया जाएगा। कुम्भ के सभी स्थायी प्रकृति के काम दिसम्बर माह तक पूरे कर लिये जाएं। अस्थायी कामों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। मुख्य सचिव हर सप्ताह



कुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग सामान्य रूप से होने वाली तैयारियों के साथ ही कोविड के दृष्टिगत भी योजना बनाकर काम करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धर्मशालाओं, आश्रमों व होटलों को कोविड के दृष्टिगत क्या करें और क्या न करें, की मार्गदर्शिका उपलब्ध कराने के साथ ही वहां काम करने वालों को यथासम्भव प्रशिक्षित किया जाए। सभी काम समय पर पूरे हो, इसके लिए दो शिफ्ट में भी काम किया जा सकता है। व्यापार मंडल के सहयोग से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाए। हरिद्वार में सड़कों को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ समन्वय स्थापित कर जरूरी काम कराए जाएं।

बैठक में मेलाधिकारी श्री दीपक रावत ने कुम्भ मेले के विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि हरिद्वार के कूड़ा निस्तारण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है।

शेष भाग पेज 8 में...

# फैमिली के सुरक्षा पर दाखिल करें हलफनामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाथरस कांड की सुनवाई के दौरान सुप्रीम ने कई अहम टिप्पणियां की हैं। एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से कहा है कि वह 8 अक्टूबर तक कोर्ट को बताएं कि हाथरस कांड में फैमिली के प्रोटेक्शन के लिए उन्होंने क्या कदम उठाए हैं। शीर्ष अदालत ने इस बाबत राज्य सरकार से फैमिली की सुरक्षा के लिए हलफनामा भी दाखिल करने को कहा है। बता दें कि हाथरस में एक 19 साल की लड़की के साथ गैंग रेप का आरोप है बाद में उसकी मौत हो गई थी। भयानक, असाधारण और डरावनी घटना की संज्ञा देते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एसए बोबडे की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि छानबीन बेहतर तरीके से हो।

**यूपी सरकार बोली- मामले की सीबीआई जांच होः** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता यूपी सरकार की ओर से पेश हुए और कहा कि

### हाथरस केस

- सुको का उत्तरप्रदेश सरकार को आदेश

हाथरस केस में कुछ लोगों द्वारा नेरेटिव पर नेरेटिव बनाया जा रहा है और उसे फैलाया जा रहा है। इसे रोके जाने की जरूरत है। मामले में सीबीआई जांच की जरूरत है ताकि तमाम तरह के नेरेटिव और फर्जी कहानियों पर विराम लग सके।

**रात में क्यों किया था मृत युवती का अंतिम संस्कारः** इससे पहले यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार रात (29 सितंबर) में मृत युवती के अंतिम संस्कार करने के मामले पर अपनी सफाई दी। हाथरस जिला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में दावा किया है कि जिला को बड़ी हिंसा से बचाने के लिए मृत युवती के माता–पिता को रात में अंतिम संस्कार करने के लिए मना लिया। जिला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि खुफिया रिपोर्ट मिली थी कि वहां पर लाखों लोग एकत्र होंगे, जिससे बड़े बवाल की संभावना थी।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जाधव का केस लड़ने से पाक वकीलों का इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी अदालत में कैद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव का केस लड़ने से पाकिस्तानी वकीलों ने साफ इनकार कर दिया है। इन वकीलों को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने जाधव की तरफ से केस लड़ने के लिए चुना था। पाकिस्तानी सरकार पहले ही उनकी तरफ से पैरवी करने के लिए भारतीय

### भारतीय वकीलों को शामिल करने से मना कर चुका है पाकिस्तान

वकीलों को शामिल करने से मना कर चुकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या पाकिस्तान फिर कोई नई चाल चल रहा है? बता दें कि पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जाधव का जासूसी के झूठे मामले में फांसी की सजा सुनाई है।

**वकीलों ने केस लड़ने से किया इनकारः** इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पाकिस्तान के दो सबसे वरिष्ठ वकीलों आबिद हसन मिंटो और मखदूम अली खान से सहायता मांगी थी। दोनों ने खेद व्यक्त करते हुए कुलभूषण जाधव की ओर से कोर्ट में पेश होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय को अपने फैसले के बारे में सूचित किया है। मखदूम अली खान ने अपनी व्यस्तताओं का हवाला दिया है।